# ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

## मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सरकार के लिए सेतु निर्माण : कमलेश सुहाने

नवभारत न्यूज

**मैहर 21 जनवरी, आज विकास खंड मैहर के सेक्टर क्रमांक 2 मैहर के आदर्श ग्राम कन्हवारा में आज सेक्टर ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के मैहर जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने , सांसद प्रतिनिधि सत्यभान पटेल ,ग्राम पंचायत कन्हवारा सरपंच रमेश दाहिया ,विकास खंड समन्वयक प्रदीप तिवारी एवं नवांकुर समिति मां धेनु सुविधार्थ जन कल्याणार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष श्रीमती सविता शर्मा मंचासीन रहे।**





कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर अतिथिगणों ने दीप प्रज्वलन,माल्यपर्ण किया गया। अतिथियों को माल्यार्पण एवं शाल सप्रेम भेंट कर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में सभी ग्राम वासियों के नवांकुर समिति अध्यक्ष के द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उद्देश्य एवं आर्थिक रूप से हितग्राही मूलक योजनाओं के द्वारा संपूर्ण परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हो, नशा,पर्यावरण,सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर परिचय रखा। कार्यक्रम में विकास खंड समन्वयक प्रदीप तिवारी ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के बारे में अपनी बात रखी,सांसद प्रतिनिधि सत्यभान पटेल ने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्य को सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने और पर्यावरण विषय पर उन्होंने कह कि एक पेड़ हमे हमारे साथ हमारे आने वाले वंश को भी ऑक्सीजन प्रदान करता है सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण एवं पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने ने अपने उद्बोधन ने सरकार के समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए एवं पूर्व से जन अभियान परिषद से परिचय एवं सरकार के जन्म से लेकर सभी योजनाओं के बारे में,किसानों के बारे में ,पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ, पेंशन, पीएम आवास योजनाओं के बारे में विचार रखते हुए आव्हान किया कि सरकार की जितनी भी योजनाएं है सभी पात्र हितग्राहियों को मिले। संचालन डीएलडब्ल्यू के छात्र एवं प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अखिलेश पुरी गोस्वामी ने किया एवं मीडिया का कार्य कपिल गोस्वामी ने किया। आभार भाजपा मंडल? बेरमा के मंत्री सोमेश्वर पुरी गोस्वामी ने किया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव प्रह्लाद यादव,जीआर एस स्वामीदीन साहू ,प्राथमिक विद्यालय हेड मास्टर बिहारी लाल साहू,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व सहायत समूह एवं सभी ग्राम वासी में भगवान पुरी गोस्वामी, सम्पत साहू, राम शरण साहू, सुनील विश्वकर्मा, पंकज मिश्रा, रमा साहू, दुएजी बाई कोल, मनोहर कोल एवं ग्राम के समस्त ग्राम वासी एवं महिला, एम एसडब्यू के छात्र रविता पटेल,कृष्ण भूषण पाण्डेय, आनंद पुरी गोस्वामी आयुष्मान सोनी परामर्शदाता शिवकुमार पटेल, रोहित द्विवेदी उपस्थित रहे।



# गोरीहार मंदिर की बारादरी तोड़ने पर रोक

▶ हाईकोर्ट का स्टे आते ही लौटीं 5 जेसीबी, 1 घंटे चली कार्रवाई, गायत्री मंदिर की दीवार हटाई

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 21 जनवरी, जिले के पवित्र नगरी चित्रकूट में सड़क चौड़ीकरण के लिए बुधवार दोपहर प्राचीन गौरीहार मंदिर की बारादरी को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की गई, लेकिन हाईकोर्ट का स्टे ऑर्डर आते ही इसे रोक दिया गया।**

प्रशासन की टीम ने भारी पुलिस बल और मशीनों के साथ करीब एक घंटे तक तोड़फोड़ की। स्टे मिलने के बाद अमले ने कार्रवाई रोककर अपना रुख गायत्री मंदिर की ओर कर लिया और वहां की बाउंड्री वॉल हटाई। इस दौरान मौके पर तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात रहा। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों का दल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने से पहले पूरे मंदिर परिसर की ड्रोन कैमरे से वीडियोग्राफी कराई गई। इसके बाद बारादरी के कमरों में रखे सामान को बाहर निकाला गया। सामान हटते ही एक पोकलेन और चार जेसीबी मशीनों की मदद से मंदिर की बारादरी को गिराने का काम शुरू कर दिया गया।

### कार्रवाई के बीच आया स्टे, गायत्री मंदिर की दीवार तोड़ी

मशीनें करीब एक घंटे तक गरजती रहीं। इसी दौरान अधिकारियों को हाईकोर्ट से स्टे ऑर्डर जारी होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल गौरीहार मंदिर की बारादरी को गिराने का काम रुकवा दिया। इसके बाद पूरे अमले को गायत्री मंदिर की तरफ मोड़ दिया गया, जहां गायत्री मंदिर की बाउंड्री वॉल को तोड़ा गया।

### 5 एसडीएम और 6 थानों की पुलिस थी मौजूद

विरोध की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के क? इंतजाम किए थे। मौके पर सतना जिले की पांच तहसीलों के एसडीएम, एडिशनल एसपी और जिले के आधा दर्जन थानों का भारी पुलिस बल मौजूद रहा। उल्लेखनीय है कि साधु-संतों ने विगत दिनों धरना प्रदर्शन कर कार्रवाई का विरोध किया था और आंदोलन की चेतावनी दी थी,साथ ही मंदिर पक्ष ने 15 जनवरी 26 को हाईकोर्ट में याचिका दायर किया था अब अगली सुनवाई मार्च माह में होगी।

# संतोष तिवारी अब कोठी थाना के नए प्रभारी

नवभारत न्यूज

**कोठी 21 जनवरी,डीएसपी आशुतोष त्यागी के 90 दिनों का कार्यकाल पूर्ण होते ही जिले के पुलिस कप्तान द्वारा पुलिस लाइन में पदस्थ निरीक्षक संतोष तिवारी को कोठी थाने का प्रभार सौंपा है।**



कोठी थाना पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण किया है अपराधियों को सख्त संदेश देते हुए कहा की कोठी थाना क्षेत्र में शांति , अनुशासन एवं बरकरार रखने के लिए किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा सभी आपस में शांति एवं प्रेम का माहौल स्थापित रखें और अपराध से दूर रहे उन्होंने सभी नगर वासियों से प्रशासन के सहयोग की अपील की है नगर के लोगों ने भी थाना प्रभारी से ऐसी ही आशा की है कि जिस प्रकार से पूर्व में अनुशासन का माहौल कोठी थाना प्रभारी के द्वारा किए गए कार्यों की वजह से स्थापित है यह सदैव बरकरार रहे जिससे क्षेत्र में शांति व्याप्त रहे और लोग निडर होकर रहे।

# गौरैया में हजारों लोगों के बीच हुआ हिंदू सम्मेलन

नवभारत न्यूज

**कोटर 21 जनवरी, कोटर तहसील के गौरैया गांव में संघ शताब्दी वर्ष में हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें विश्व हिंदू परिषद क्षेत्र संपर्क प्रमुख जुगराजधर मुख्य वक्ता रहे मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि वसुंधरा सिंह के साथ पूज्य संत बालक दास और दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका जीवनी मंचस्थ रही।**



कार्यक्रम का संचालन विश्व हिंदू परिषद के मंत्री विपिन सिंह ने किया। कार्यक्रम भगवान के प्रतिमा के सामने अतिथियों द्वारा दीप प्रज्लवन के साथ प्रारंभ हुआ जिसमें वक्ता पुष्पेंद्र सिंह ने हिंदू धर्म की चुनौती लव जिहाद, धर्मांतरण से जागरूक हो कर संगठित रह निपटने की बात कही तो मुख्य वक्ता जुगराज धर जी ने संघ की सौ वर्षों की संघर्ष की गाथा बताई पंच परिवर्तन की बात बसुंधरा सिंह ने बता कर समाज को जागरूक किया । कार्य क्रम में मुख्य रूप से जिला प्रचारक राम सजीवनजी , राजबहादुर मिश्रा, पुष्पराज सिंह,संतोष उपाध्याय, रवेंद्र सिंह, सचिन शुक्ला, दिनेश मिश्रा, संदीप वर्मा, शरद सोनी, लल्लन गुरु, प्रसून शर्मा, आदर्श मिश्रा, प्रकाश द्विवेदी, रामशरण सिंह, सुधा शर्मा,समेत बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी और हजारों की संख्या में गौरैया और आसपास के लोग उपस्थित रहे भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । बीते दिनों गौरैया में हुए गुटीय संघर्ष की स्थिति के कारण बड़ी संख्या में पुलिस बल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और अनुभिभागीय अधिकारी रामपुर बी के मिश्रा के साथ उपस्थित रहे।

# जबलपुर ने मैहर को हराकर अगले दौर में बनाई अपनी जगह

## आज का मैच कानपुर और हमीरपुर के बीच खेला जाएगा

नवभारत न्यूज

**रामपुर बघेलान 21 जनवरी, लाल चंद्रकांत सिंह स्टेडियम रामपुर बाघेलान में चल रहे स्वर्गीय कप्तान अवधेश प्रताप सिंह स्मृति अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन जबलपुर और मैहर के बीच मैच खेला गया, जिसमें मैहर को हराकर जबलपुर ने अगले दौर में प्रवेश किया।**



इसके पूर्व मैहर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर 192 रन बनाया ,193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जबलपुर ने 5 विकेट शेष रहते हुए इस मैच को जीत लियाऔर अगले दौर के लिए अपनी जगह सुनिश्चित कर ली,इस टूर्नामेंट के मैन ऑफ द मैच रहे जबलपुर के देवांश पटेल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया जा रहा है और कल गुरुवार को 5 वें दिन का मैच कानपुर और हमीरपुर के बीच खेला जाएगा। आज के मैच के मुख्य अतिथि रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया,वहीं खिलाड़ियों का उत्सव वर्धन के लिए, विधायक प्रतिनिधि विद्याधर तिवारी, अशोक सिंह पप्पू, विश्व विजय सिंह, अजीत सिंह, धीरेंद्र सिंह धीरू, पुष्पेंद्र सिंह,प्रदीप सिंह ,आशीष सिंह इटमा, धीरज सिंह, पत्रकार संतोष सिंह, शैलेन्द्र निगम, संदीप गुप्ता, कमलेश कचेर, संजय मिश्रा, शिवमोहन सिंह लाला, कुबेर ताम्रकार, सुनील सिंह,गंगा सिंह, इसहाक खान, इजरायल खान, सनी सिंह,बंटी शुक्ला, मोहित सिंह बघेलक्षसहित काफी तादाद में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। आज के मैच के अंपायर प्रणय सिंह और अमित शर्मा, स्कोरर, पंकज सिंह सिद्धांत बघेल, वहीं कमेंटेटर सानू मिश्रा रहे।

### स्लॉट बुकिंग न होने से धान विक्रय से वंचित रह गए किसान

**कोटर 21 जनवरी,** एम एसपी पर धान खरीदी के लिए जिले के किसानों के लिए स्लाट बुकिंग जो 13/01/2026 तक थी वह 09/01/2026 को ही बंद कर दिया गया था जिससे बहुत से किसान धान बेंचने से वंचित रह गये हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा खरीदी केन्द्रों से धान बेंचने से बचे किसानों की लिस्ट भी बनवाई गई थी जिससे किसानों को अपनी उपज बेंचने का इंतजार है इसलिए प्रशासन से आशा है कि बचे किसानों के लिए पोर्टल खोला जाएगा और बचे किसानों मेहनत से तैयार उपज जल्द बिक्री हो होगी नहीं तो किसान कर्ज में डूब जायेगा और आत्महत्या करने पर बिवस हो जायेगा।

# सरपंच को घर में आरोपियों ने घुसकर पीटा

▶ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू किया

नवभारत न्यूज

**सतना 21 जनवरी, भाजपा सरकार में अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद हैं कि आम जनता के द्वारा चुने गये सरपंच की बेधड़क होकर पिटाई की जा रही है इसका जीता जागता ज्वलंत उदाहरण मैहर जिले के मुकुंदपुर समीपस्थ ग्राम पंचायत जमुना सरपंच प्रकाश सिंह बघेल हैं।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश सिंह बघेल अपने गांव की दुकान पर बैठकर विनीत पटेल का खानदानी सजरा लेख कर रहे थे तभी अचानक गांव के बिष्णू प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, गजेन्द्र सिंह, योगेन्द्र सिंह,गगन सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह ने एकराय होकर सरपंच को मां बहन की बुरी - बुरी गाली देने लगे जिसका विरोध करने पर दुकान के अन्दर घुसकर बुरी तरह मारपीट कर अधमरा कर दिए। गांव के लोग हल्ला गुहार सुनकर दौड़े और बीच बचाव किया। सरपंच के द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसे पुलिस ने गम्भीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुए उक्त आरोपियों के ऊपर अपराध की धारा 333, 296(बी),115(2),351(3), 3(5)बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा बताया गया कि बिष्णु सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के ऊपर अपराधिक मामले निरंतर 6/2000 थाना ताला 31/02 थाना अजाक 104/04 थाना ताला 42/05,209/08, 159/012,92/014,53/015,255/018 ,20/019,244/021 एवं योगेन्द्र प्रताप सिंह के ऊपर अपराध 36/03, 157/013,53/015, 244/021 दर्ज हैं। अब सोचनीय बात यह है कि जब सरपंचों की ऐसी हालात हैं तो आम जनता की क्या हाल होती होगी।

# फिर शुरू हुई टू लाइन सड़क पर ऑटो वालों की धमा चौकड़ी

नवभारत न्यूज

**कोठी 21 जनवरी, थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी के प्रभार से जाते ही लोगों ने फिर मनमानी शुरू कर दिया है और यातायात को अव्यवस्थित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं ।**



कोठी बस स्टैंड परिसर से बनी टू लाइन सड़क को बड़ी कवायद प्रयास के बाद खाली कराया गया था कि आवागमन सही रहे और दुर्घटनाओं से बचा जा सके लेकिन प्रशासन के इस प्रयास को ऑटो वाले धता दिखा रहे हैं और मनमानी करने पर उतारू हैं और और टू लाइन सड़क के एक हिस्से पर ऑटो खड़ी कर सवारी भरते हैं और लाइन लगाकर यह काम करना शुरू कर दिया है जिससे हालात फिर से पहले के जैसे होने लगे हैं और पूरे दिन सड़क पर ही धमा चौकड़ी करते हैं जिससे अव्यवस्था तो होती ही है साथ ही आवागमन प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं की भी संभावना प्रबल हो जाती है। लोगों ने कोठी के नए थाना प्रभारी सहित नगर परिषद के जिम्मेदारों से इस विषय पर ध्यान आकर्षित करते हुए आशा व्यक्त की है कि जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करेंगे जिस की अव्यवस्थाओं से बचा जा सके और नगर का अनुशासन बना रहे जिससे लोगों को आने-जाने में भी कोई असुविधा ना हो क्योंकि यहीं पर बस स्टैंड है यहीं पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है यहीं पर बैंक ,पोस्ट ऑफिस व अन्य जरूरी संस्थान है जिससे पूरे दिन ट्रैफिक का दबाव रहता है क्योंकि कोठी में प्रतिदिन सैकड़ो गांव के लोगों का आना-जाना रहता है और मुख्य बाजार भी है यह समस्या फिर से उत्पन्न ना हो इसके लिए जिम्मेदारों को मनमानी करने वालों पर लगाम लगाना होगा।

# सांसद ने की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**नागौद 21 जनवरी, भाजपा सांसद गणेश सिंह ने नागौद विधानसभा के नागौद मंडल के नगर शक्ति केंद्र की चलाई जा रही संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा किया ।**



इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हमारे बूथ के कार्यकर्ताओं की बदौलत भारतीय जनता पार्टी विश्व को सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनने का गौरव प्राप्त है। संगठन तंत्र को मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा एवं पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने का काम किया है। आज भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन निर्वाचित हुए है। मैं सभी कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने 45 साल की उम्र के युवा को राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। संगठनात्मक समीक्षा बैठक में भारतीय जनता पार्टी की जिला महामंत्री श्रीमती सरोज गुजर, भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट), भारतीय जनता पार्टी मंडल नागौद के मंडल अध्यक्ष पुलकित टंडन उपस्थित रहे। संचालन कृष्णा पांडे ने किया एवं आभार अरुण कुमार तिवारी ने किया। बैठक में युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रासून मिश्रा मोंटी, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सुशील कुमार गुजर, रामकिशोर पाठक, जयप्रकाश सिंह सोनू, रावेंद्र कुमार तिवारी, मनीष पांडे, उमाशंकर जायसवाल, पुष्पेंद्र गर्ग, कमलेश साहू, अनुज प्रताप सिंह, जय करण विश्वकर्मा, सुनील अग्रवाल, अरुण सिंह, श्रीमती श्यामा सिंह, श्रीमती चंद्रलता अवधिया, ध्रुव सिंह परिहार, सतीश राज राजक, धीरज गौतम, अनुराग सिंह परिहार, आदेश अग्रवाल, रामानुज कुशवाहा, श्यामलाल साहू, रामगोपाल विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।




# पत्रकारों का हित मेरे लिए सर्वोपरि : लल्लू महराज

नवभारत न्यूज

**अमदरा 21 जनवरी,बुधवार को दोपहर दो बजे से आयोजित मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ मैहर जिला इकाई की बैठक में पत्रकारों के हितों पर चिंतन किया गया।**

बैठक में सर्वप्रथम मैहर इकाई के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास चतुर्वेदी लल्लू महराज, महासचिव बद्री पाठक, वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश गुप्ता एवं पीएल द्विवेदी का पुष्पहारों से सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीनिवास चतुर्वेदी लल्लू महराज ने कहा कि संगठन की रीतियों और नीतियों पर चलना हम सबका दायित्व है। मेरा पूरा प्रयास होगा कि पत्रकारों को कहीं भी ठेस न पहुंचे,मेरे लिए उनका हित सर्वोपरि है।

**मां शारदा का लिया आशीर्वाद** - बैठक उपरांत जिलाध्यक्ष अपने सभी साथी पत्रकारों के साथ मां शारदा की ड्योढ़ी पर पहुंचे, जहां माता शारदा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पत्रकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्रीनिवास चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार रामप्रकाश गुप्ता, पीएल द्विवेदी, बद्री पाठक महासचिव,रमाकांत दुबे,जवाहर संतानी, पंकज सुहाने,राम कुमार रजक, सुनील दाहिया,प्रशांत शुक्ला,अंकित अग्रवाल, पुरुषोत्तम पुरी,दीपक चतुर्वेदी,बबलू रजक, रोहित रजक,कृष्ण कुमार पाण्डेय,दीपक बढ़ोलिया,विकास सोनी,पुष्पेंद्र विश्वकर्मा,कमलेंद्र कुशवाहा,पवन उर्मलिया,रवि प्रकाश पाण्डेय,विक्रम रजक,रवि कुमार चौरसिया,कमलेश विश्वकर्मा,उमेश चर्मकार सहित कई अन्य पत्रकारों की उपस्थिति रही।

# विकासखंड अमरपाटन के हजारों शिक्षक वेतन को मोहताज

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 21 जनवरी,इसे एक संयोग कहा जाए या लापरवाही कहीं जाए अमरपाटन विकासखंड के हजारों शिक्षकों का वेतन जनवरी के प्रथम सप्ताह में तो डीडीओ कोड रिन्यू न होने के कारण नहीं मिल पाया पर जब डीडीओ कोड जारी हुआ तो जिला कोषालय अधिकारी सतना के द्वारा यह कह कर आपत्ति लगा दी गई कि डीडीओ रिन्यू करने का अधिकार कलेक्टर मैहर को नहीं है।**

ऐसी स्थिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी,कार्यालय कलेक्टर और जिला कोषालय अधिकारी के बीच में पिस रहे हजारों हजार शिक्षक आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैंऔर मानसिक रूप से प्रताडति है। परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण समय में जहां शिक्षक पूरे मनोयोग से विद्यालय में छात्र हिन में निरंतर प्रयासरत रहते हुये उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की कोशिश मे लगे हैं



ऐसे समय में आर्थिक तंगी के कारण वह मानसिक प्रताड़ना का शिकार है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ब्लॉक अमरपाटन केअध्यक्ष शिवकुमार पटेल ने चर्चा के दौरान बताया कि इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी महोदय ने डीडीओ कोड रिन्यू करवाने के प्रयास किया किंतु अब कोषालय अधिकारी के द्वारा आपत्ति के बाद फिलहाल शिक्षकों के वेतन भुगतान की संभावना बहुत कम नजर आ रही हैं उन्होंने जिले के सभी जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि इस समस्या का निराकरण कर तत्काल शिक्षकों को वेतन भुगतान कराने की कृपा की जाए , ताकि शिक्षक निश्चिंत होकर अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ निरंतर करते रहें।

# सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

▶ सीएमओ पर लगे मनमानी के गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**रामनगर 21 जनवरी, 140+ सफाई कर्मचारियों ने सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम एसडीएम रामनगर को सौंपा है। ज्ञापन में सीएमओ पर मनमानी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।**



मैहर जिले के रामनगर नगर परिषद में आउटसोर्स ठेका प्रथा के खिलाफ कर्मचारियों का आंदोलन तेज हो गया है। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के बैनर तले 140 से अधिक कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप होने से शहर कचरे के ढेर में डूब गया है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ गया है और स्थानीय निवासी नाराज हैं। कर्मचारियों ने अनुविभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) रामनगर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) लखन लाल ताम्रकार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए आउटसोर्सिंग आदेश को गैरकानूनी बताकर तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है।

**ज्ञापन में मुख्य मांगे** - नगर परिषद का गठन 16 जनवरी 2015 को हुआ, कर्मचारी 10 वर्ष से अधिक समय से बिना किसी शिकायत के सेवा दे रहे हैं। बिना लिखित आदेश, पूर्व सूचना या सरकारी नियमों के विपरीत अचानक ठेका प्रथा में डाल दिया गया। वेतन अनियमित, पिछले 2 वर्षों से ईपीएफओ कटौती खाते में जमा नहीं हो रही। 16 जनवरी 2026 से शुरू क्रमिक अनशन अब अनिश्चितकालीन हो चुका है। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राम सुशील पटेल ने भी खुलकर समर्थन किया और इसे प्रशासन की मनमानी बताया। संघ के जिलाध्यक्ष रामाकांत मिश्रा ने बताया कि कर्मचारियों ने एसडीएम से आग्रह किया कि मामला तुरंत उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाए। संघ ने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है।मांगें नहीं मानी गईं तो भोपाल में धरना-प्रदर्शन सहित आंदोलन और तेज होगा। अभी तक प्रशासन या सीएमओ की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और सभी की नजरें मुख्यमंत्री कार्यालय पर टिकी हैं।